**माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–07.09.2019 को भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति, प्रतिकुलपति, वित्तीय सलाहकार, कुलसचिव एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।

दिनांक–07.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध में माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।
3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः

माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।

4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निदेश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रकिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नात्तकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।
12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Course) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

**1- Current & Pending Exam and Academic Calendar.**

स्नातक स्तर

Status of conduct of Exam UG (Regular Course) of BRABU, Muzaffarpur

| Session | Closing date of admission | Part - I | | Part – II | | Part - III | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2016-19 | | | Published | | Published | 28.09.2019 4 Months | 30.11.2019 5 Months |
| 2017-20 | | | Published | 15.10.2019 5 Months | 30.11.2019 5 Months | 07.04.2020 | 07.06.2020 |
| 2018-21 | Closed | 15.11.2019 06 Month delay | 30.12.2019 6 Months | 07.05.2020 Within time | 07.07.2020 | 07.04.2021 | 07.06.2021 |
| 2019-22 | 15.09.2019 | 25.03.2020 | 25.05.2020 | 07.03.2021 | 07.05.2021 | 07.03.2022 | 07.05.2022 |

2. स्नातकोत्तर स्तर

Status of conduct of Exam PG (Regular Course) of BRABU, Muzaffarpur

| Session | Closing date of admission | Part/Sem - I | | Part/Sem– II | | Part/Sem- III | | Part/Sem- IV | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 2017-19 | | | Published | | Published | 16.08.2019 9 Months | 30.10.2019 9 Months | 15.11.2019 6 Months | 30.12.2019 6 Months |
| 2018-20 | 22.08.2019 | 25.11.2019 1 Years | 30.12.2019 1 Years | 20.03.2020 10 Months | 30.04.2020 10 Months | 01.07.2020 8 Months | 01.08.2020 8 Months | 01.10.2020 5 Months | 30.12.2020 5 Months |
| 2019-21 | 01.02.2020 | 05.05.2020 6 Months | 05.06.2020 6 Months | 07.08.2020 3 Months | 07.09.2020 3 Months | 07.11.2020 | 07.12.2020 | 07.04.2021 | 07.05.2021 |

2. **Status of NAAC.**

NAAC ग्रेडिंग में 39 अंगीभूत महाविद्यालयों में से 22 का मूल्यांकन किये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

शेष 16 महाविद्यालयों का SSR जमा करने की जानकारी दी गयी।

3. **Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

UMIS लागू करने के लिए 59 रूपये प्रति छात्र स्टूडेंड लाइफ साइकिल के लिए एकरारनामा किया गया है।

UMIS लागू करने के लिए 77 लाख रूपये वार्षिक व्यय की जानकारी दी गई।

4. **Submission of Research Projects.**

35 रिसर्च प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय द्वारा समर्पित किया गया।

5. **Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.**

कुलपति द्वारा 1–15 अगस्त, 2019 तक वन महोत्सव आयोजित करने तथा 7190 वृक्षों के लगाये जाने की जानकारी दी गयी।

6. **Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post.**

सभी 39 अंगीभूत महाविद्यालयों तथा 14 संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा H.Ed. Post पर सूचना अपलोड करने की जानकारी दी गयी।

B.Ed. Post पर सभी महाविद्यालयों द्वारा फोटोग्राफ अपलोड करने की जानकारी दी गयी।

7. **Progress of Online Degree Distribution.**

डिग्री के लिए आवेदन तथा डिग्री वितरण के लिए ऑनलाइन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

8. **Affiliation of Colleges**

महाविद्यालय के संबंधन का कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं होने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

9. **Bio Metric Attendance.**

सभी स्नात्तकोत्तर विभागों तथा 37 अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का अधिष्ठापन किया गया है। दो अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा इसका अधिष्ठापन नहीं किया गया है।

विश्वविद्यालय को बायोमेट्रिक मशीन खराब होने के कारण अतिरिक्त मशीन स्टॉक में रखने का निदेश दिया गया।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

10. **Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

विश्वविद्यालय को महिला छात्रों के शुल्क माफ करने के लिए राशि की प्रतिपूर्ति का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजने का निदेश दिया गया।

11. **Utilization of fund for Laboratory & Library.**

प्रतिवेदन निम्न हैः—

The University has received Rs. 83 Lakh from the State Government for the development of University & Constituent College Libraries. The University has distributed the fund to the Colleges for development of College library.

RUSA has also sanctioned Rs. 56 Lakh for University library development and the utilization has also been sent to the RUSA.

For Laboratory Development the State Government sanctioned Rs. 2.34 crore. Amount is yet to be received in PLA through CFMS.

For Laboratory Development RUSA sanctioned Rs. 01 Crore. For purchase of Lab equipments the tender floated.

कुलपति को उपर्युक्त निधि का उपयोगिता प्रमाण—पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

12. **Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

प्रतिवेदन निम्नवत है।

The Interview of Guest Faculty was completed by the University and roster clearance to the Commissioner is to be submitted.

A Demand of about Rs. 48 Crore per annum for 800 Guest Faculty is already sent to the Education Department under intimation to Governor's Secretariat.

## 13. Solar Energy Installation.

कुलपति द्वारा मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों एवं छात्रावासों में सोलर प्लांट अधिष्ठापन हेतु सर्वेक्षण किये जाने की जानकारी दी गयी।

विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त प्रस्ताव को BREDA को भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## 14. Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)

एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिता के आयोजन की कार्य योजना तैयार करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

## 15. Submission of Infrastructure Project to Education Department.

प्रतिवेदन निम्न है।

- DPR of Rs. 21,54,76,277/- was submitted to State Higher Education Council, Department of Education, Patna for Infrastructure Grant under RUSA.
- Various new construction works and renovation works are under execution. Books & Equipment have also been purchased.
- Proposal for renovation and upgradation of Auditorium Building and Community hall building amounting to Rs. 4,14,00,000/- and proposal for modernization & renovation of University press amounting to Rs. 1,20,68,000/- have also been submitted to the State Government for sanction.
- Rs. 10 Crore was released by the Government under RUSA head .
- A new Examination Building is under construction by BSEIDC, Patna.
- Detailed estimate for repair and face lifting of P.G. Boys Hostels, Open Stadium with gallery, RCC road with drain amounting to the value of 8,21,50,766/- have been submitted to the State Government for sanction.

## 16. Adoption of Village.

प्रतिवेदन निम्न है।

University is dedicated to the adoption of village for various kinds of welfare activities, like blood donation camp, Voter awareness drive, cleanliness drive, Beti Bachao Beti Padhao, pollution control etc.

The 56 Constituent and Affiliated Colleges under the jurisdiction of the University have adopted the nearest villages for their social and educational development.

**17. Pension & Retirement Benefit Payment.**

लंबित सेवान्त लाभ भुगतान हेतु 120 मामलों में 76 का निष्पादन किया जा चुका है। शेष 44 मामलों में से 42 मामलों में पेंशन प्रपत्र भरकर प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा 2 मामले न्यायालय में लंबित हैं।

कुलपति को निदेश दिया गया है कि सेवान्त लाभ के मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

सभी 39 अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा H.Ed. Post पर सूचना अपलोड कर दिया गया है।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

शिक्षकों तथा छात्रों की शिकायतों के निवारण हेतु नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित की जा रही है।

शिकायत निवारण की अंतिम बैठक दिनांक–28.08.2019 को आहूत की गयी थी जिनके 9 मामले प्राप्त हुए थे जिनके निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है।

**20. Project of 'Khelo India'.**

विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन निम्न है।

For the development of infrastructure under Khelo India Project, approximately **Rs.50 Crore** is required. This includes the various items viz.

i. Synthetic Athletic Track: **Rs. 7 Crore**
ii. Synthetic Hockey Track, Football ground with lighting: **Rs.15 Crore**
iii. Multipurpose hall for badminton, volleyball, judo, wrestling, handball, Kabaddi, and other events: **Rs.10 Crore**
iv. Swimming Pool: **Rs.8 Crore**
v. Human Performance and Recovery Laboratory: **Rs.10 Crore**

**Total: 50 Crore**

***Location details:***

i. Synthetic Athletic Track: **L S College, Muzaffarpur**
ii. Synthetic Hockey field with lighting: **M.P.S. Science College, Muzaffarpur**
iii. Synthetictur Football ground with lighting: **R L S Y Bettiah**
iv. Multipurpose hall for badminton, volleyball, judo, wrestling, handball, Kabaddi, and other events: **R D S College, Muzaffarpur**
v. Swimming Pool: **L N College, Bhagwanpur**
vi. Human Performance and Recovery Laboratory: **L S College, Muzaffarpur**

## 21. Court Cases.

प्रतिवेदन निम्न है।

B.R.A. Bihar University Muzaffarpur, Court cases status upto August, 2019

| Sl. No. | Status | CWJC | MJC | LPA | SLP |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total No. of Cases on 01.01.2019 | 272 | 67 | 25 | 4 |
| 2 | Total no. of cases filed during current year | 53 | 23 | 1 | 0 |
| 3 | No. of cases disposed in current year | 23 | 13 | 19 | 3 |
| 4 | No. of Cases pending for disposed on 31.08.2019 | 302 | 77 | 7 | 4 |
| 5 | Pending cases in which C/A has been filed | 65 | 40 | 0 | 1 |
| 6 | Total no. of cases pending for filling of C/A,S/C (4-5) | 237 | 37 | 7 | 0 |

लंबित वादों को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश कुलपति को दिया गया।

## 22. Girls' Toilet

सभी 22 स्नात्तकोत्तर विभागों, 39 अंगीभूत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय कार्यालय में महिलाओं के लिए शौचालन की सुविधा उपलब्ध है।

## 23. Student's Union Election

छात्र संघ चुनाव हेतु वर्तमान शैक्षणिक सत्र के नामांकन की कार्रवाई की समाप्ति के 6 सप्ताह के भीतर अधिसूचना निर्गत करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

## 24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.

प्रतिवेदन निम्न है।

Cleanliness drive is held at regular intervals in the University. A rally was also organized for spreading the messages about keeping clean environment on Environment Day. Cleanliness drive was also conducted on the World Environment Day on 05th June 2019.

A summer internship of SWACHCHH BHARAT of 50 Hrs. duration is being conducted during 10/06/2019 to 31/07/2019 at LNT College, Muzaffarpur, SNS College, Muzaffarpur & MDDM College, Muzaffarpur.

**25.NAD 'National Academic Depository'.**

NAD में नामांकन हेतु 21.06.2018 को एकरारनामा की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**26.NDL 'National Digital Library'.**

प्रतिवेदन निम्न है।

E-Library has been developed in the University and equipped with e-granthalaya and other softwares.

National Digital Library has also been adopted in University. Students are registering on NDL and accessing books & journals over NDL.

विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया कि नवनामांकित छात्रों का NDL में निबंधन नामांकन के समय ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। यथासम्भव नामांकन प्रपत्र में तथा परीक्षा प्रपत्र में, NDL में रजिस्ट्रेशन का एक कॉलम बनाया जाय।

**27.Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).**

सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का वेतन भुगतान CFMS के द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की कुल संख्या–1627 है।

कुलपति से सभी पेंशनधारियों का रजिस्ट्रेशन CFMS में करने का अनुरोध किया गया।

**28.Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.**

विश्वविद्यालय को वनस्पति शास्त्र, हिन्दी, फारसी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विषयों के CBCS pattern पर पाठ्यक्रम संशोधन का कार्य सौंपा गया था जिसे समर्पित किया जा चुका है।

**29. Vacancies of teachers.**

प्रतिवेदन निम्न है।

The University and its allied Colleges have 1822 sanctioned Post in 28 subjects. Out of Which 637 teachers are working and 1185 post remain vacant.

**30. Status of joining of teachers recommended by BPSC.**

प्रतिवेदन निम्न है।

Recently in 18 subjects, 282 Assistant Professors were recruited through BPSC, 242 Assistant Professors are posted to different Colleges/ departments.

**31. Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.**

विश्वविद्यालय को जो भी निधि राज्य सरकार या किसी अन्य संस्था से प्राप्त हुई है उसकी उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

**32. Status of conduct of Smart Classes.**

स्नात्तकोत्तर स्तर पर स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है।

सभी महाविद्यालयों में कम–से–कम एक स्मार्ट क्लास संचालित करने का निदेश कुलपति को दिया गया।

**समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।**

1. विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र अद्यतन रखते हुए ससमय परीक्षा का संचालन तथा परीक्षाफल के प्रकाशन का निदेश दिया गया। विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश

दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।

5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।
6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. जून, 2020 तक सभी लंबित परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षाफल प्रकाशन का निर्देश दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम में यदि, परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में कोई संशोधन किसी भी परिस्थिति में, करने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति का आदेश प्राप्त किया जाए।
14. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यून्तम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

15. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।

16. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

17. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

ह0/–
(ब्रजेश मेहरोत्रा)
माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव

ज्ञापांक– बी०एस०यू०(मिटिंग) 49/18- 2933 /रा.स.(।।।), दिनांक– 09-10-2019

**प्रतिलिपिः–**

1. भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति /प्रतिकुलपति/वित्तीय सलाहकार/ कुलसचिव/महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

9.10.19

(बिजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।